कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक) छत्तीसगढ़
जीरो पॉइंट, बलौदा बाज़ार रोड, रायपुर – 493111

क्र/एफ-230/संलेश्रेपरीक्षा/का.आ.-280

दिनांक: 28.07.2021

<u>कार्यालय आदेश</u>

समस्त संबंधित संभागीय लेखापालों (परिवीक्षाधीन) की जानकारी हेतु अधिसूचित किया जाता है कि संभागीय लेखापाल श्रेणी परीक्षा सितंबर 2021 मे आयोजित की जाएगी। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम यथासमय बाद मे सूचित किया जाएगा।

परीक्षा में शामिल होने की पात्रता के संबंध में अभ्यर्थियों का ध्यान भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक द्वारा जारी एम.एस.ओ. (प्रशासन) भाग-एक में समाविष्ट संभागीय लेखापाल श्रेणी परीक्षा के नियमों (प्रति संलग्न) की ओर आकृष्ट किया जाता है।

परीक्षार्थी को किसी भी कारण से परीक्षा में अभ्यर्थिता वापिस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परिवीक्षाधीन अवधि में समान्यत: तीन अवसर में संभागीय लेखापाल श्रेणी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। परीक्षा में सम्मिलित होने पर उनका यह अवसर गणना में लिया जायेगा। इस विषय में एम.एस.ओ. (प्रशासन) भाग-एक में वर्णित अनुदेश इन प्रकरणों में लागू होंगें।

परीक्षार्थी संभागीय लेखापाल श्रेणी परीक्षा पाठ्यक्रम संबंधी निर्देश (अनुलग्नक 'क') अपने पास रखें एवं संलग्न आवेदन पत्र (अनुलग्नक 'ख') भर कर दिनांक 16.08.2021 तक इस कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

संभागीय लेखापाल श्रेणी परीक्षा से संबन्धित समस्त पत्र व्यवहार में लिफाफे पर **संभागीय लेखापाल श्रेणी परीक्षा सितंबर-2021** स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिए।

(प्राधिकार : महालेखाकार के आदेश दिनांक 27.07.2021)

संलग्न : उपरोक्तानुसार

हस्ता /-

उप महालेखाक़ार (लेखा एवं व्ही.एल.सी.)

क्र/एफ-230/संलेश्रेपरीक्षा/का.आ.-280/डी- 372 दिनांक:28.07.2021

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु-

1. सचिवालय, उप महालेखाकार (प्रशा.,लेखा एवं व्ही.एल.सी.)
2. वरिष्ठ लेखा अधिकारी/गोपनीय कक्ष
3. वरिष्ठ लेखा अधिकारी /सामान्य अनुभाग
4. संभागीय लेखापाल संबर्ग बेव साईट एवं व्हाट्स एप ग्रुप

वरिष्ठ लेखा अधिकारी/प्रशासन ॥

अनुलग्नक – क

संभागीय लेखापाल श्रेणी परीक्षा का पाठ्यक्रम

1. अभ्यर्थी संभागीय लेखापाल श्रेणी परीक्षा के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा सहिता (द्वितीय संस्करण) 1965 के परिशिष्ट के अनुबंध– 3 में समाविष्ट नियम का अवलोकन करें।

2. द्वितीय प्रश्न पत्र अर्थात् प्रारंभिक लेखाकर्म (एलीमेन्ट्री बुक कीपिंग) का स्वरूप प्रारंभिक प्रकृति का होगा। श्री जे.आर. बाटलीबाय द्वारा लिखित एडवांस एकाउन्टेंसी के तेईसवे संस्करण के अध्याय कमांक 1,2,3,4,14 एव 24 का पाठ्यकम सम्मिलित किये गये हैं। यदि पुस्तक के अनुवर्ती सस्करणो मे इन अध्यायों के कम बदल दिए गये हों तो अभ्यर्थियो को अनुवर्ती संस्करणों के उन्हीं अध्यायों को पढना चाहिए जिन अध्यायो में उपर्युक्त अध्यायों के विषय दिये हुए हों।

3. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के पत्र कमांक 3227–एन.3/2–85 दिनांक 12.08.1989 के अनुसार परीक्षार्थी प्रारंभिक लेखाकर्म प्रश्न पत्र के प्रश्नों के उत्तर हिन्दी माध्यम से लिख सकते हैं।

4. तृतीय प्रश्न (1) प्रारंभिक लेखे, स्टाक लेखा, टी.एण्ड पी. लेखा, कान्ट्रेक्टर बिल तथा अन्य बिलो एवं व्हाउचर्स का बनाना एवं जांच (2) संभागीय लेखों का वर्गीकरण एव संकलन (3) राज्य सरकार की वित्तीय शक्तियों के डेलीगेशन नियम के बारे में है।

5. चतुर्थ प्रश्न लोक निर्माण कार्य लेखा और प्रणाली के संबंध मे अभ्यर्थियों का ध्यान कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा जारी परिपत्र कमांक नि.वि.1/डी.टी.ई/1327 दिनांक 18.01.1975 की ओर आकृष्ट किया जाता है जिनमें भारत के नियत्रक एव महालेखापरीक्षक के निर्देशानुसार लोक निर्माण कार्य लेखा और प्रणाली के मौखिक प्रश्न को हटाकर उनके स्थान पर सैद्धान्तिक का प्रश्न पत्र रखा गया है।

6.पंचम प्रश्न पत्र में निम्नलिखित संहिताओं के सामान्य प्रकार के प्रश्न होंगे-

(1)सरकारी लेखा नियमावली, 1990

(2)सामान्य वित्तीय नियमावली

(3)केंद्रीय कोषागार नियमावली खंड एक एवं दो तथा राज्य सरकारों के संगत नियमावली

(4)आधारभूत एवं पूरक नियमावली

अनुलग्नक – 'ख'

संभागीय लेखापाल श्रेणी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र

1. परीक्षार्थी का नाम :
2. पद :
3. वर्तमान पूर्ण पता (पिन कोड सहित) :
4. अनुसूचित जाति/जनजाति संबंधी उल्लेख :
5. जन्म तिथि (अंकों एवं शब्दों में) :
6. कार्यालय महालेखाकार में संभागीय लेखापाल पद पर नियुक्ति दिनांक एवं सेवा अवधि
   (अ) नियुक्ति दिनांक :
   (ब) सं.ले.पा. पद पर दिनांक 1.3.2021 को पूर्ण की सेवा अवधि :

7. परीक्षार्थी का सेवाकालीन विवरणः–

पदस्थापना का नाम	सदस्य रहे		व्यतीत हुआ समय		
	दिनांक से	दिनांक तक	वर्ष	माह	दिन

8. परीक्षार्थी जिस माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) में उत्तर लिखना चाहते हैं वे विवरण स्पष्ट करेंः–

कमांक	प्रश्न पत्र	परीक्षार्थी द्वारा उत्तर लिखने हेतु चयनित माध्यम
1.	निबंध संक्षेपिका और प्रारूप व्याकरण	
2.	प्रारंभिक लेखाकर्म	
3.	लोक निर्माण कार्य लेखा और प्रणाली (प्रायोगिक)	
4.	लोक निर्माण कार्य लेखा और प्रणाली (सैन्द्वातिक)	
5.	सामान्य लेखा, कोषालय एवं वित्तीय नियम (केन्द्र तथा राज्य दोनों)	

मैं विश्वासपूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि उपरोक्त जानकारी पूर्ण सत्य है।

आवेदक के हस्ताक्षर
(आवेदक का नाम)

अनुसंशित

कार्यपालन अभियन्ता